

**रमजान का 7वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:13 | सुन्नी : 6:07 |
| शिया : 5:03 | शिया : 6:17 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस का शिविर– 10:00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी की अध्यक्षता में एडीओ और सचिवों के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक– 4:30 बजे से।
- राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में श्री रंग कला सेवा संस्थान की ओर से नाटक गिद्ध और फुटपाथ का सम्राट का मंचन– 6:30 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### आज से कृषि यंत्रों की बुकिंग, मिलेगा अनुदान

अमृत विचार, लखनऊ : उप निदेशक कृषि विनय कुमार कौशल ने बताया कि जिले में 25 फरवरी की दोपहर 12 बजे से 4 मार्च तक सभी तरह के कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग किसान कर सकेंगे। इन यंत्रों पर अनुदान मिलेगा। कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन यंत्र, एकल कृषि यंत्र, मेज सेलर तथा रेक्टेंगुलर बेलर आदि यंत्र उपलब्ध हैं। बुकिंग agridarshan.up.gov.in पर जनसेवा केंद्र, लैपटॉप या डेस्कटॉप से कर सकते हैं। लाभार्थी का चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा।

### विज्ञापन एजेंसियों से जमा कराए 12.26 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रचार विभाग ने मंगलवार को अनुज्ञा शुल्क जमा नहीं करने वाली विज्ञापन एजेंसियों के खिलाफ अभियान चलाया। प्रभारी अधिकारी प्रचार विनीत सिंह के निर्देशन में कर अधीक्षक प्रचार ओपी सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में कुल 12,26,145 रुपये की धनराशि जमा कराई। अहिमामऊ क्षेत्र में मेसर्स ब्राण्डवीटा एडवरटाइजिंग के विज्ञापन पटों और लालबाग क्षेत्र में निम्बस एडवरटाइजिंग के विज्ञापन हटाए। इसके अलावा इंदिरा नगर स्थित आम्रपाली कॉम्प्लेक्स में कोनराई के विज्ञापनों को नियमों के उल्लंघन पर हटवा दिया गया।

### पॉलीथिन और गंदगी पर वसूला जुर्माना

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ मंगलवार को अभियान चलाकर 42,000 रुपये जुर्माना वसूला। जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत राय के नेतृत्व में कुर्सी रोड, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, दसौली मोड़ के आस-पास की गई जांच में रिजवान, स्पीड जनरल स्टोर एंड स्टेशनरी, मुकेश किराना स्टोर, कुर्सी रोड मुर्गा मंडी तथा सुनील जनरल स्टोर से कुल 9 किलो प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त करके 34,000 रुपये जुर्माना वसूला। गंदगी फैलाने पर 8,000 रुपये जुर्माना वसूला।

### रेरा ने 94 रियल एस्टेट एजेंटों को बांटे प्रमाण पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने 28वें और 29वें बैच के एजेंटों को प्रशिक्षित करके रेरा के नियम, कानून और अधिकार बताए। साथ ही मंगलवार को न्यू हैदराबाद रोड स्थित मुख्यालय में ट्रेनिंग सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के दौरान 94 सफल प्रतिभागियों को अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि एजेंट ट्रेनिंग सर्टिफिकेशन प्रोग्राम की शुरुआत दिसंबर 2024 में लखनऊ स्थित लिटरेसी हाउस से की गई थी। इसके बाद से लखनऊ और ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) में नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के विभिन्न जिलों के एजेंट इसमें भाग ले सकें।

# चौराहों पर पढ़ते दिखेंगे बच्चे, पुस्तकें देंगी शिक्षा का संदेश



5 कालीदास मार्ग के मुख्य द्वार पर लगाने के लिए रखीं वीणा और पुस्तक की कृतियां।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए 14 प्रमुख स्थलों पर लगाएगा सांस्कृतिक और शिक्षाप्रद कलाकृतियां
- कहीं दिखेगी मां सरस्वती की वीणा व चक्र तो कहीं टेडीवियर और हाथ में गिटार

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख चौराहे, पार्क और प्रवेश द्वार शिक्षा और संस्कृति का संदेश देंगे। शहर के प्रमुख 14 स्थलों पर मां सरस्वती की वीणा के अलावा, चक्र, पुस्तकों, पढ़ाई करते और खेलते बच्चों की कृतियां लगाई जाएंगी। इसकी शुरुआत कालीदास चौराहे से कर दी गई है। यहां सरस्वती जी की वीणा और पुस्तक की कृति लगाई जा रही है।

एलडीए ने 5 कालीदास चौराहे के पास पहले से रखे मोर के मॉडल हटाकर फाइबर से बनी सरस्वती की वीणा और पुस्तक की कृति रखी है। वहां टाइल्स, लाइटिंग और पौधों से सजावट का कार्य अंतिम चरण में है।

इसके अलावा ग्रीन कॉरिडोर के फेज-2 में निशातगंज पर निर्मित रोटरी पर चक्र की कृति लगाई गई है। ग्रीन कॉरिडोर पर सूरज कुंड पार्क चौराहे पर तीन किताबें और पेन, मार्डन आर्ट आधारित कृतियां लगेंगी। गोमती नगर के सीएमएस चौराहे पर चार बच्चों की पढ़ाई करते और खेलते हुए कृति दिखेगी। जनेश्वर मिश्र पार्क के अंदर प्ले गाउंड पर बच्चों के लिए 12 फीट का टेडीवियर और बालू अड्डा स्थित रविदास चौराहे पर मार्डन आर्ट से हाथ में गिटार नजर आएगा। गौरीगंज चौराहे पर भी कई बच्चों की बढ़ते व खेलते हुए कृति दिखाई देगी। वाल पेंटिंग आदि कार्य कर दिए हैं। इसके अलावा गोमती रिवर फ्रंट, कुकरैल रोटरी मार्डन आर्ट से सजाई जाएगी। दो सप्ताह में यह कार्य पूर्ण हो जाएगा।

## लक्ष्मण मंडपम् का लोकार्पण 28 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने विवेक खंड स्थित सामुदायिक केंद्र का में जीर्णोद्धार कराया है। इसके नए स्वरूप को लक्ष्मण मंडपम् नाम दिया गया है। लक्ष्मण मंडपम् का लोकार्पण 28 फरवरी को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इसे किराए पर विवाह, मांगलिक और निजी कार्यक्रमों के लिए लिया जा सकेगा। संचालन निजी कंपनी करेगी। लक्ष्मण मंडपम् में नए गेट लगाने के साथ फाल्स सीलिंग, शौचालय, यूरिन यूनिट, रंग-बिरंगी लाइटें के अलावा पौधे भी लगाए गए हैं। परिसर में दो नए बड़े हॉल, ऊपर फ्लोर पर पांच कमरे बनाए हैं। एनजीओ द्वारा डेकेयर संचालित किया जाएगा।

# मिठाइयों पर नहीं लगाया जा रहा मानक का टैग

## एक्सपायरी डेट व बेस्ट बिफोर यूज मिठाइयों पर लिखना है जरूरी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**2020** एफएसएसएआई ने बनाया था नियम

**5** वर्ष बाद भी ज्यादातर दुकानों पर नहीं हो रहा नियम का पालन

**ये लिखा होना चाहिए**

- मिठाई किस तारीख को बनाई गई है
- कितने दिन तक इस्तेमाल की जा सकती है
- मिठाई फ्रिज में रखी जा सकती है या नहीं

**अमृत विचार :** शहर की मिठाई की दुकानों और रेस्टोरेंट में मिठाइयों पर बेस्ट बिफोर यूज टैग नहीं लगाया जा रहा है। 2020 में जारी एफएसएसएआई की गाइडलाइन के अनुसार पैक्ड मिठाइयां बेचने पर एक्सपायरी या यूज बाई डेट लिखना अनिवार्य है। लागू होने के पांच वर्ष बाद भी शहर की ज्यादातर दुकानों पर इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। बड़े प्रतिष्ठान ही पैक्ड मिठाइयों पर बेस्ट बिफोर यूज टैग लगा रहे हैं।

गली मोहल्लों से लेकर बाजारों में खुलीं मिठाई की दुकानों पर कई कई दिन पुरानी मिठाइयां बेची जा रही हैं। ज्यादातर दुकानदार मिठाई के बनाए जाने और प्रयोग की तिथि प्रदर्शित नहीं करते हैं। खुली मिठाइयां बेचने पर नियमानुसार ग्राहकों को ये भी बतना जरूरी है कि मिठाई कब बनी है और कितने दिन तक इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। मिठाई फ्रिज में रखी जा सकती है या नहीं।

हालांकि ज्यादार छोटे दुकानदार और ग्राहक भी इस नियम से अनभिज्ञ हैं। इससे दुकानदारों और ग्राहकों को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से जागरूक करने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। जिससे की ग्राहक अपने अधिकार का प्रयोग कर दुकानदार से आवश्यक जानकारी लेने के बाद ही मिठाई खरीदें और बिल भी लें। ताकि खराब मिठाई खराब निकलने या उसके सेवन से तबियत बिगड़ने पर दुकानदार के खिलाफ



तेल और रिफाइंड की जांच करते सहायक आयुक्त खाद्य व अन्य अधिकारी।

### 30,270 किलो खाद्य पदार्थ किया सीज

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) टीमों ने मंगलवार को मिलावट की आशंका पर 30,270 किलो खाद्य पदार्थ सीज किया। इसकी कीमत लगभग 50.42 लाख रुपये बताई गई है। इसमें 16300 लीटर रिफाइंड और 9081 लीटर सरसों तेल भी शामिल है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह ने बताया कि पुरानी बाजार इटौंजा बीकेटी में बीएन इण्टरप्राइजेज का निरीक्षण किया गया। वहां बिना किसी प्रयोगशाला व प्रारम्भिक जांच के सरसों का तेल व रिफाइंड सोयाबीन तेल की पैकिंग की जा रही थी। प्रतिष्ठान में 16300 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल व 9081 लीटर सरसों तेल के पैक पर एफएसएस एक्ट 2006 के प्रावधानों के विरुद्ध ग्राहकों के लिए भ्रामक एवं अधूरी जानकारी अंकित पाई गई। गंदगी के बीच खाद्य तेल का भण्डारण व पैकिंग की जा रही थी। इसके चलते 42,33,270 रुपये मूल्य का खाद्य तेल सीज कर दिया गया। इसके अलावा राम आयल एण्ड किराना स्टोर, बरावन कला, दुबग्गा में करीब 2,02140 मूल्य का 1123 टिन सीज किया गया। टीम ने हरचंदपुर, गढ़ी कनौरा में मखीजा नमकीन की जांच में करीब 51,360 रुपये मूल्य की 428 किलो घटिया मिक्स नमकीन सीज की। इसके अलावा महादेव टेडर्स जलालपुर से खराब गुणवत्ता की 1923 किलो मटर दाल और 99 किलो रंगीन बूंदी पकड़ी। मोहिबुल्लापुर में हरियाणा गृह उद्योग से 388 किलो बेसन व 128 किलो आटा सीज किया। साथ ही प्रतिष्ठानों से कुल 32 नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे।

### होली बाद चलाएंगे जागरूकता अभियान

- सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह ने कहा कि मिठाई विक्रेताओं को जागरूक करने के लिए होली के बाद अभियान चलाया जाएगा। खुली मिठाइयां बेचने के दौरान क्या सावधानियां बरती जाएं और ग्राहकों को निर्माण और इस्तेमाल की तिथि बताई जाए। जिससे ग्राहक मिठाई का निर्धारित अवधि तक ही इस्तेमाल करें।

### मंडी में खोवा के नमूने भरे

- खोवा में मिलावट की आशंका को देखते हुए एफएसडीए ने मंगलवार को चारबाग स्थित राजा मंडी में छापेमारी की। जिसमें दो डालों से लाये गए खोया के 3 नमूने भरे। इसके अलावा बीकेटी के कुम्हरावां में 17 किलो दुर्गंधयुक्त खोवा नष्ट कराया।

### सात छात्रों को नोटिस किए गए जारी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सात छात्रों को नोटिस जारी करने के साथ छह पूर्व छात्रों के परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को पत्र लिखा गया है। पुलिस प्रशासन ने भी 13 छात्रों को नोटिस जारी किया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि परिसर में शांति और व्यवस्था बनी रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय सदैव से शिक्षा, अनुसंधान और छात्र-हितैषी वातावरण के लिए जाना जाता है। इस दिशा में विश्वविद्यालय प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय कर रहा है।



लखनऊ विश्वविद्यालय की लाल बारादरी के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करते छात्र। अमृत विचार

# पुलिस को उलझाया, किया हनुमान चालीसा का पाठ

## लविवि में लाल बारादरी में तीसरे दिन भी छात्रों ने किया हंगामा, पुलिस से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय की लाल बारादरी पर मंगलवार को छात्रों ने गंगाजल का छिड़काव कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। पुलिस को चकमा देने के लिए छात्र गुटों में बंट गए। कुछ छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया तो कुछ खाकी को चकमा देकर बारादरी तक पहुंच गए और हनुमान चालीसा पाठ कर प्रसाद वितरित किया।

हनुमान चालीसा पाठ करने गए छात्रों ने जमकर नारेबाजी कर आरोप लगाया कि जब कुछ ने नमाज पढ़ी और इफ्तार पार्टी किया तब विश्वविद्यालय प्रशासन सो रहा था। हम लोग हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहते हैं तो कार्रवाई क्यों की जा रही है। ऐतिहासिक लाल बारादरी पर फावड़ा कुदाल चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इन छात्रों का कहना था कि लाल बारादरी को प्रयोग बैंक और कैंटीन के लिए होता रहा था, लेकिन कुछ तत्व इसे धार्मिक रंग देना चाहते हैं।

गौरतलब है कि लाल बारादरी के जीर्णोद्धार के विरोध में कुछ छात्रों ने हंगामा शुरू कर नजाम पढ़ी थी, उसके बाद दूसरे गुट के छात्र भी विरोध में उतर आए हैं।



लखनऊ में लाल बारादरी जाने से छात्रों को रोकते पुलिस कर्मी।

### विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गेट पर रोका

- सुबह करीब 10 बजे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता विश्विवद्यालय के मुख्य गेट पर जमा हो गए। ये कार्यकर्ता परिसर में घुसकर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने गेट बंद कर उन्हें बाहर ही रोक दिया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर नमाज और इफ्तारी करने वालों पर कार्रवाई करने और विश्वविद्यालय से निष्कासित करने की मांग की।



प्रदर्शनकारी छात्र को पकड़े पुलिकर्मी।

### स्कूल में शिक्षार्थ आइए, धर्मार्थ नहीं



- बीए तृतीय वर्ष के छात्र विवेक मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्या का मंदिर है विचार विमर्श का केंद्र है। यहां पर हम धर्मस्थली नहीं बनने देंगे। यहां विश्वविद्यालय में प्रवेश लेते ही आप अपने धर्म की पगड़ी घर पर रखकर आइए या अपने धर्म स्थलों पर रखिए।



- बीए तृतीय वर्ष के छात्र सूरज सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में मजार भी है, शिक्षा के मंदिर में मजार कैसे आ गए। इसे हटाया जाए और पठन-पाठन का माहौल बनाया जाए। अब हमलोग प्रत्येक मंगल को हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।



- बीए तृतीय वर्ष के छात्र शिवम सिंह ने कहा कि हमलोग किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, लेकिन सबको एक समान देखना चाहिए। विश्वविद्यालय ज्ञान-विज्ञान और शोध का केंद्र है इसे सांम्प्रदायिक न बनाया जाए।

**लोहिया संस्थान** | राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया भूमि पूजन और शिलान्यास

# आरएमएल में बनाया जाएगा 510 बेड का रैन बसेरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में 510 बेड की क्षमता का अत्याधुनिक पीआरए भवन (रैन बसेरा) का निर्माण होगा। 24.86 करोड़ रुपये की लागत से 45 कमरों में 90 बेड और डॉरमेट्री में 420 बेड की व्यवस्था की जाएगी। रसोई, डायनिंग हॉल, लॉन्ड्री, दो लिफ्ट, भोजन व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं भी रहेंगी।

मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने भूमि पूजन कर रैन बसेरा का शिलान्यास किया। नई डायग्नोस्टिक सेवाओं का उद्घाटन भी किया गया।



शिलान्यास करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अन्य।

शिलान्यास कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। अब तक सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी जांचों के लिए मरीजों को अन्य परिसर या दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता था, जिससे इलाज में देरी होती थी। नई डायग्नोस्टिक सेवा शुरू होने से एक ही स्थान पर उपचार और जांच की सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि शहीद पथ स्थित परिसर में 1000 बेड के ब्रॉड स्पेशियलिटी अस्पताल को स्वीकृति मिल चुकी है। 100 शैय्या के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अलावा 888 कमरों वाले बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और नर्सिंग कॉलेज का निर्माण भी प्रगति पर है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह, सीएमएस डॉ. श्रीकेश, डॉ. विक्रम सिंह मौजूद रहे।

### गर्भ संस्कार केंद्र स्थापित करें : राज्यपाल

- राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में रैन बसेरा शिलान्यास कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गर्भ संस्कार केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि, गर्भवती महिलाओं के समुचित मार्गदर्शन के लिए गर्भ संस्कार केंद्र होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान मातृ आहार, व्यवहार, विचार एवं परिवेश का प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है। अतः गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, सकारात्मक चिंतन एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में परामर्श एवं आवश्यक साहित्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए। अस्पताल परिसर में बाहरी खाद्य पदार्थ लाने पर रोक लगाने के लिए भी कहा। राज्यपाल ने महिलाएं और बच्चों से संवाद भी किया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बच्चों को होली में हर्बल रंगों के प्रयोग के लिए करने की सलाह भी दी।

# उत्पीड़न का आरोप लगा कर्मी ने दिया इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू के एचआरएफ विभाग में तैनात थी महिला कर्मचारी
- जांच के लिए विशाखा कमेटी को भेजा गया मामला

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी ने उत्पीड़न और असंवेदनशील व्यवहार के आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया है।

कर्मचारी ने 20 फरवरी को लिखित शिकायत में गर्भावस्था के दौरान सुविधा न मिलने, अवकाश अस्वीकार किए जाने, मानसिक दबाव और बुनियादी सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया है। ये भी आरोप लगाया कि ड्यूटी के दौरान वॉशरूम उपयोग की अनुमति और चाबी नहीं दी गई, जिससे उन्हें दूसरे विभाग जाना पड़ता था। देरी के लिए जवाब-तलब भी किया गया। वरिष्ठ अधिकारी पर अपमानजनक टिप्पणी का भी आरोप है।

आरोप यह भी है कि इस्तीफे के बाद फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत बहनको भी मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कुलपति ने जांच के लिए मामला विशाखा कमेटी को भेज दिया गया है। विश्वविद्यालय में महिला स्टाफ और छात्राओं से जुड़े मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई जाती है।

## सिटी ब्रीफ

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरा किशोर पहिए के नीचे आया, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के भुहर पुल के पास सोमवार देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर एक किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। हरदोई के अतरौली स्थित गड़रिया खेड़ा निवासी रोहित (16) ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार वह ईंट लेकर लखनऊ आया था और रात में वापस लौटते समय ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा। इससे पहले कि वाहन रुकता, ट्रॉली का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के कनक सिटी स्थित मानस विहार में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर पार कर दिए। राजाजीपुरम निवासी नीरज त्रिपाठी की बहन नीलम 23 फरवरी को घर बंद कर भाई के यहां गई थीं। मंगलवार सुबह लौटने पर मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला और घर का सामान बिखरा था। नीलम के अनुसार 15 हजार रुपये नकद और जेवर चोरी हुए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया है।

### अभद्र पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टाग्राम पर 'जस्ट आदिल खान' नामक आईडी से धार्मिक भावनाएं आहत करने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी अभद्र पोस्ट करने के आरोप में पारा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार आरोपी आदिल खान पारा की पुरानी कांशीराम कॉलोनी का निवासी है।

### चौक में छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** धोखाधड़ी और छेड़छाड़ के मामले में फरार आरोपी मो. माजिन खान को चौक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह महमूदनगर स्थित लाल फाटक का निवासी है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2023 में उसके खिलाफ युवती ने धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, छेड़छाड़, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी पर हजरतगंज और गोमतीनगर विस्तार थाने में भी मामले दर्ज हैं।

### मंदिर में चोरी करते दो मजदूर कैद, गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में आर्यन एक्सपोर्टर कंपनी परिसर स्थित मंदिर के पुजारी बृजेश तिवारी ने बताया कि सोमवार सुबह जब वह पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो गेट का ताला खुला मिला। बाद में छानबीन के दौरान मंदिर के अंदर रखे दान पात्र से रुपये गायब मिले। इस पर उन्होंने सूचना कंपनी कर्मचारियों को दी। कंपनी के सुरक्षा गार्ड कर्मवीर सिंह, सर्वजीत चौबे और प्रदीप सिंह ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में देर रात करीब 1:35 बजे बगल में कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले दो व्यक्ति मंदिर में आते-जाते दिखाई दिए। तब पहचान उनकी पहचान हरदोई जिले के निजामपुर पारा निवासी रामलड़ैते और यहीं के हैदर अली के रूप में हुई। तब उन्हें बुलाकर पूछताछ करने के साथ उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 1360 रुपये बरामद हुए। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### शिक्षा मित्र लापता मोबाइल बंद

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम विस्तार इलाके में रहने वाला शिक्षा मित्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। सोमवार को पत्नी से नाश्ता बनाकर रखने की बात घर से निकला शिक्षा मित्र वापस नहीं लौटा। शाम को ममेरे भाई के पास मैसेज आया जिसमें लिखा था कि घरवालों का ध्यान रखना। काम का प्रेशर बहुत है। पुलिस ने मामा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मोबाइल की आखिरी लोकेशन जुग्गौर की मिली है। मूल रूप से ग्राम परसिया लाखन खंभरिया खीरी निवासी दिलीप कुमार सिंह उर्फ दीपू (46) भौली-2 प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र है। वह परिवार संग जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-3 में रहता है। परिजन ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे दिलीप घर से पैदल यह कहकर निकले कि नाश्ता तैयार करो, अभी आकर नाश्ता करेंगे। काफी देर तक वापस न लौटने पर उनकी पत्नी दीपिका सिंह ने फोन मिलाया। फोन की घंटी गई लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। कुछ देर बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

# बाथरूम में आरी और चाकू से काटा था शव

## बेटे अक्षत ने सोते समय पिता के सिर में मारी थी गोली, कमरे में फैल गए थे मांस के टुकड़े

कारोबारी हत्या मामला

- बोरी में भरकर सदरौना नहर किनारे झाड़ियों में फेंके थे हाथ-पैर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना के बंगला बाजार में शराब व पैथालॉजी कारोबारी मानवेंद्र सिंह (49) की हत्या उनके बेटे अक्षत ने सोते समय सिर में गोली मारकर की थी। गोली लगने से पूरा सिर उड़ा गया था मांस के लोथड़े पूरे कमरे में फैल गया था। इसके बाद आरोपी ने शव को घसीटते हुए बाथरूम में ले गया। जहां आरी व चाकू से काटा। हाथ पैर काटकर अलग किया और बोरी में भर लिया। दूसरे दिन कार में बोरी भरकर सदरौना में नहर किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। मंगलवार को पुलिस ने पूछताछ के बाद हाथ-पैर भी बरामद कर लिया है।

पुलिस टीम अक्षत से पूरी रात पूछताछ करती रही। इसके बाद मंगलवार को घटना स्थल पर लेकर गई। जहां उससे आधे घंटे की पूछताछ में हत्या कैसे और कहां किया था? इस बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद सदरौना लेकर गई। नहर किनारे झाड़ियों में पुलिस ने एक बोरी बरामद की। जिसमें मानवेंद्र के कटे हुए हाथ-पैर मिले। पुलिस ने उसे बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोपहर करीब ढाई बजे अक्षत को पुलिस टीम उसके घर ले गई। वहां पूछताछ की।

### खून सने तकिया और कंबल जलाया

- एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल के मुताबिक पूछताछ आरोपी अक्षत ने बताया कि कंबल, चादर व तकिया पर खून व मांस के लोथड़े चिपक गये थे। जिसे बोरी में रखकर कर सदरौना नहर किनारे लेकर गया। जहां उसे जला दिया था। पुलिस ने अधजले कपड़े और राख आदि भी बरामद कर ली है। जिसे जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

### नीट की पढ़ाई को लेकर गुरुवार रात पिता से हुआ था विवाद

- पुलिस के मुताबिक आरोपी अक्षत ने बताया कि गुरुवार की देर रात को पिता उससे नीट की पढ़ाई करने के लिए दबाव बना रहे थे। इस पर वह नाराज हो गया। इसे लेकर काफी देर तक विवाद हुआ। इसके बाद पिता बेडरूम में सो गये थे। अक्षत पुलिस टीम को बेडरूम में ले गया। जहां बताया कि पिता बेड पर सो रहे थे। 20 फरवरी की सुबह 4.30 बजे रायफल उठाई। मानवेंद्र के सिर से सटाकर गोली मार दी। बताया कि पापा का भेजा उड़ गया। विस्तर और कंबल में मांस के लोथड़े लगे थे। गोली की आवाज सुनकर बहन कृति जाग गई। उसने विरोध किया तो उसे धमकाया। डर के मारे वह चुप हो गई थी। पिता का शव खींचकर बाथरूम में ले गया। वहां आरी और चाकू से हाथ-पैर काटे। मांस के लोथड़े बोरी में बोरी में भरे फिर कार की डिग्गी में रख आया था। कमरे में की सफाई की। दोपहर वह बोरी नहर किनारे झाड़ियों में छुपा आया था। एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि आरोपी अक्षत को उसके घर ले जाकर मौका मुआयना किया गया। घटना के बारे में जानकारी ली गई। इसके बाद नहर के पास से उसके पिता के हाथ पैर बरामद कर लिए गए हैं। पूछताछ अभी जारी है। उसने हत्या की बात स्वीकारी है।

### ब्लिंकिट से मंगाए थे दो चाकू

- इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक अक्षत काफी शातिर दिमाग का है। पूछताछ में उसने बताया कि एक दिन पहले ही पिता की हत्या की साजिश रच ली थी। उसने ब्लिंकिट से दो चाकू ऑन लाइन आर्डर किये थे। जिसे डिलीवरी ब्वाय ने गुरुवार देर रात को पहुंचाया था। वहीं, आरी व ड्रम खुद बाजार जाकर खरीदा था। इसे लेकर घर पहुंचा। सारा सामान निचले हिस्से के बंद कमरे में रख दिया। दूसरे दिन वारदात के बाद आरोपी अक्षत ने चाकू व आरी लेकर बाथरूम में पहुंचा। जहां शरीर के टुकड़े किये। इसके बाद शरीर का एक हिस्सा लेकर नीचे पहुंचा और ड्रम में रखकर बंद कर दिया। वहीं, हाथ और पैर बोरी में भरकर कार की डिग्गी में रख दिया। जिसे सदरौना में नहर किनारे फेंका। आरी व ड्रम किस दुकान से खरीदी गई है। इसके बारे में पुलिस आरोपी अक्षत से पूछताछ कर रही है।

# भतीजे के झुलसने पर डांट से आहत युवक ने दी जान

- नगराम के बरकत नगर गांव में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज के बरकत नगर गांव में सोमवार देर शाम खौलते दूध से मासूम भतीजे के झुलसने के बाद परिजनों की फटकार से आहत 18 वर्षीय शुभम ने आत्महत्या कर ली। उसका शव नगराम के डोभिया गांव स्थित वन विभाग के जंगल में पेड़ से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार बरकत नगर निवासी किसान फूलचंद लोधी का बेटा शुभम सोमवार शाम घर पर था। इसी दौरान खेलते समय उसका एक वर्षीय भतीजा अनमोल खौलते दूध से झुलस गया। बच्चे के झुलसते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने शुभम की लापरवाही बताते हुए उसे डांटा, जिससे वह आहत हो गया और साइकिल लेकर घर से निकल गया। उसने मोबाइल फ्लाइट मोड पर कर लिया, जिससे परिजन संपर्क नहीं कर सके। देर रात तक तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला।

मंगलवार सुबह नगराम के डोभिया गांव स्थित वन विभाग के जंगल में नित्यक्रिया के लिए गए एक ग्रामीण ने पेड़ से युवक का शव लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर मोबाइल के माध्यम से परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने शिनाख्त की पुष्टि की। एसओ नगराम विवेक चौधरी के मुताबिक पिता की तहरीर पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुभम अविवाहित था। परिवार में मां राधा, बड़ा भाई राहुल और छोटा भाई कल्लू हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# पत्नी के मायके से न लौटने से क्षुब्ध शिक्षा विभाग के बाबू ने दी जान



पोस्टमार्टम हाउस में एक दूसरे पर आरोप लगाते मायके और ससुराल पक्ष के लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षिका पत्नी के मायके से न लौटने से क्षुब्ध होकर शिक्षा विभाग के एक बाबू ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची इंदिरानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस में पत्नी के मायके और ससुराल पक्ष के बीच विवाद हो गया, जिसे पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। इंदिरानगर इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मानस ग्रीन निवासी सुमित कुमार (45) शिक्षा विभाग में बाबू थे और वर्तमान में औरैया जनपद में तैनात थे। परिवार में पत्नी आरती और एक बेटी है। आरती सीतापुर में शिक्षिका है। परिजनों के अनुसार दंपति के बीच अक्सर विवाद होता था। करीब तीन माह पहले विवाद के बाद आरती बेटी को लेकर मायके चली गई थी और वहीं रह रही थी। इस दौरान सुमित ने कई बार पत्नी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसने बात करने से मना कर दिया।

बताया गया कि 22 फरवरी को सुमित पत्नी से मिलने ससुराल गया था, लेकिन उसके वापस न आने पर वह लौट आया। रविवार देर रात वह घर पहुंचा और अपने कमरे में चला गया। देर रात परिजन खाना देने पहुंचे तो देखा कि वह पंखे से कपड़े के सहारे लटका हुआ है। परिजन उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार को पोस्टमार्टम के दौरान दोनों पक्षों में संपत्ति को लेकर आरोप-प्रत्यारोप और कहासुनी हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर चले गए।

### पत्नी ने आने से किया मना, इलेक्ट्रीशियन ने दी जान

- **अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज के नरही इलाके में इलेक्ट्रीशियन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह उसका शव कमरे में लटका मिला। छानबीन में पता चला कि पत्नी ने मायके आने से मना कर दिया था। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। नरही निवासी सुमित कश्यप (28) इलेक्ट्रीशियन था। बहनोई शिवम ने बताया कि चार माह पहले सुमित की पत्नी कविता ने बेटी को जन्म दिया था।

## नियमों का पालन करें



हजरतगंज स्थित अटल चौराहे पर मंगलवार की शाम बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालक को रोकते पुलिस कर्मी। • अमृत विचार

# पार्किंग के विवाद में फायरिंग प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जानकीपुरम गार्डन में सोमवार देर रात को वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ। इस मामले में जान से मारने की नीयत ने फायरिंग की गई। पीड़ित ने किसी तरह अपनी जान बचाकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लाइसेंस रिवॉल्वर और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी प्रॉपर्टी डीलर को जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार को जानकीपुरम गार्डन निवासी गोपाल सिंह ने थाने में तहरीर दी। आरोप था कि वाहन खड़ा करने को लेकर प्रॉपर्टी डीलर राजेश गुप्ता ने गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया। जांच शुरू की। जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फायरिंग करने वाले राजेश गुप्ता के रुप में हुई। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लाइसेंसी .32 बोर रिवॉल्वर (एसएएफ कानपुर निर्मित), 10 कारतूस, कुछ खोखे और लाइसेंस बरामद किया। इंस्पेक्टर विनोद तिवारी के मुताबिक आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

- भागने में चालक ने कई बाइकों में मारी टक्कर, 50 मीटर तक घिसटा डिलीवरीमैन, घायल
- लोगों ने आरोपी चालक की धुनाई कर पुलिस को सौंपा, पारा इलाके की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारा के मोहान रोड पर सोमवार देर रात नशे में धुत ट्रक चालक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो दोस्त सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान ट्रक का पहिया एक युवक के ऊपर से गुजर गया। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं भागते समय ट्रक चालक ने कई बाइकों को टक्कर मारते हुए राजाजीपुरम के पाल तिराहे के पास स्कूटी सवार गैस एजेंसी के डिलीवरीमैन को भी चपेट में ले लिया। वह स्कूटी समेत ट्रक के अगले हिस्से में फंसकर करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। राहगीरों ने चालक को पकड़कर पिटाई के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल डिलीवरीमैन का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

भपटामऊ निवासी फूलचंद्र का बेटा नितीश (18) बुद्धेश्वर स्थित जनसेवा केंद्र में कार्यरत था। भाई अमन के अनुसार सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे नितीश अपने दोस्त सौरभ के साथ बाइक से घर से सामान लेने निकला था। मोहान रोड पर एक निजी स्कूल के पास बेकाबू ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर जा गिरे और चालक ने भागने के प्रयास में रफ्तार बढ़ा दी, जिससे ट्रक का पहिया नितीश के ऊपर से निकल गया।

हादसा देख राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस दोनों घायलों को ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने नितीश को मृत घोषित कर दिया, जबकि सौरभ का इलाज जारी है। इसी बीच भागते ट्रक ने आगे जाकर अन्य बाइकों को टक्कर मारी और पाल तिराहे के पास गैस एजेंसी के डिलीवरीमैन स्वामी दयाल को भी चपेट में ले लिया। लोगों ने घेरकर ट्रक रुकवाया और चालक को पकड़ लिया।

# मेल भेजकर फिर दी गई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जिला एवं सत्र न्यायालय की अधिकारिक मेल आईडी पर मंगलवार सुबह ई-मेल भेजकर फिर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉयड के साथ कचहरी परिसर में सघन चेकिंग की। करीब ढाई घंटे तक चली चेकिंग में कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला। वजीरगंज पुलिस ने कोर्ट के नाजिर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वजीरगंज पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय की अधिकारिक मेल आईडी पर एक मेल आया। मेल में दोपहर एक बजे कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सूचना मिलते ही वजीरगंज, चौक, कैसरबाग समेत कई थानों का पुलिस बल पहुंचा। बम निरोधक और डॉग स्क्वॉयड को बुलाया गया। पूरे परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन चेकिंग कराई गयी। हालांकि कोई भी संदिग्ध अथवा आपत्तिजनक वस्तु तलाशी के दौरान नहीं मिली। डीसीपी ने बताया कि इससे पहले 13 और 16 फरवरी को भी कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

हादसा

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुआ था हादसा, पोस्टमार्टम के बाद तीन परिवारों को शव सौंपे

# हादसे में मृत दो की शिनाख्त, चालक भेजा गया जेल

- परिचालक की तलाश में जुटी पुलिस, दे रही दबिश

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को तीन मृतकों की पहचान कर ली गई थी, जबकि मंगलवार को पुलिस ने अन्य दो की शिनाख्त करा ली। एक मृतक नेपाल और दूसरा बिहार का निवासी है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। बिहार के अररिया निवासी सुलेखा की तहरीर पर वाहन नंबर के आधार पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार परिचालक की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

पंजाब के लुधियाना से दरभंगा (बिहार) जा रही डबल डेकर बस रेलिंग से टकराकर पलट गई थी। मृतकों में सीतामढ़ी निवासी वीरेंद्र (30), अररिया निवासी अंजली (8) और उसका भाई प्रियांशु (5) शामिल हैं। मंगलवार को नेपाल के सर्लाही गोडैता निवासी विगन कापड़ (30) और मुजफ्फरपुर निवासी गोलू (6) की पहचान हुई। तीन शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। हादसे में 40 लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज पीजीआई एपेक्स ट्रामा सेंटर, केजीएमयू ट्रामा सेंटर और सिविल अस्पताल में चल रहा है।

### मामा की बेटी की शादी में जा रहा था परिवार

- सुलेखा देवी अपने बच्चों के साथ भाई की बेटी की शादी में शामिल होने बिहार जा रही थीं। हादसे में उनके दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि वह और उनकी बेटी घायल हैं।

### होली खेलकर घर लौट रहा था विगन

- विगन कापड़ छह माह बाद घर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार उसने दोपहर में पत्नी से बात कर घर पहुंचने की सूचना दी थी। पुलिस को उसके पास से मोबाइल फोन मिला, जिससे परिजनों को सूचना दी गई। जेब में रंग और बिस्कुट के पैकेट मिले, जिससे अंदेशा है कि वह काम की जगह से होली खेलकर निकला था।

# डिजिटल अरेस्ट कर कराए लाखों के ट्रांजेक्शन

- ट्रेडिंग कंपनी में निवेश और बैंककर्मी बनकर गिरोह ने फंसाया
- डीसीपी साउथ के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठगों ने एक कारोबारी को सुशांत गोल्फ सिटी स्थित होटल क्राउन प्लाजा के कमरे में डिजिटल अरेस्ट कर बंधक बना लिया। इसके बाद 24 घंटे के भीतर पीड़ित के बैंक खाते से लाखों रुपये के संदिग्ध ट्रांजेक्शन कर दिए।

सुल्तानपुर रोड के कासिमपुर बिरुहा स्थित सफायर रॉयल रेजीडेंसी निवासी आशीष राज सिंह ने बताया कि वह राजपूताना शक्ति इंटरनेशनल एलएलपी कंपनी के गोरखपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक खाते में लेनदेन के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता हैं। 23 अक्टूबर 2025 को उन्हें एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें जीशान नामक व्यक्ति ने खुद को ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ा बताते हुए निवेश पर 12 प्रतिशत लाभ का प्रस्ताव दिया। अगले दिन रोहित नामक व्यक्ति ने फोन कर स्वयं को जीशान का वरिष्ठ बताते हुए भरोसे में लिया।

आरोप है कि 3 नवंबर को मुलाकात के दौरान आरोपी ने बैंककर्मी बनकर पहचान पत्र व दस्तावेज दिखाए। 5 नवंबर को रोहित ने आशीष को लखनऊ-सुल्तानपुर रोड स्थित होटल क्राउन प्लाजा बुलाया और कमरा संख्या 1007 में ले जाकर मोबाइल बंद रखने व किसी से संपर्क न करने को कहा। इस दौरान डेबिट कार्ड, एटीएम कार्ड, चेकबुक, ईमेल आईडी की जानकारी और नया सिम कार्ड ले लिया गया। पीड़ित का कहना है कि उसे कमरे में डिजिटल अरेस्ट कर रखा गया और उसी दौरान खाते से लेनदेन किए गए। आरोपियों ने वीडियो बनाकर धमकी भी दी कि पुलिस से संपर्क करने पर जान से मार देंगे। 6 नवंबर को खाते से बड़े पैमाने पर संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रोहित, जीशान व अन्य अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ



मंडलायुक्त को ज्ञापन देते व्यापारी।

### व्यापारियों ने मंडलायुक्त को सौंपा मांगपत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल ने बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था, हेरिटेज क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध स्टैंड की समस्या को लेकर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत को मांगपत्र सौंपा। पत्र में हुसैनाबाद, चौक, अमीनाबाद और नक्खास जैसे भीड़भाड़ वाले बाजारों में अवैध पार्किंग, सड़क किनारे लगने वाली अस्थायी दुकानों और अतिक्रमण से प्रभावित यातायात व्यवस्था का मुद्दा उठाया गया। आसिम मार्शल ने लखनऊ को प्रभावी रूप से स्मार्ट सिटी बनाने के लिए व्यापारियों, विभाग अधिकारियों और बुद्धिजीवियों के साथ समन्वित बैठक आयोजित करने की मांग की। मंडलायुक्त ने सहमति जताते हुए कहा कि व्यापारियों और बुद्धिजीवियों के सहयोग के बिना शहर को व्यवस्थित और स्मार्ट बनाना संभव नहीं है। उन्होंने शीघ्र सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नवाब मसूद अब्दुल्ला, एडवोकेट मीसम नकवी, शाहेंशाह, मिथलेश सिंह, मोहम्मद अली मदहोश, मो. रियाज, फहीम और अरशद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

### डिपो कार्यशाला का निरीक्षण किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने मंगलवार को अवध डिपो कार्यशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने त्योहार पर मार्ग पर जाने वाली बसों की ठीक से साफ-सफाई कराने पर जोर दिया गया। कार्यशाला परिसर की सफाई, चालक-परिचालक रेस्ट हाउस रूम में गंदगी मिलने पर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही डिफेक्ट में खराब खड़ी बसों की यथाशीघ्र मरम्मत कराने तथा किसी भी हालत में फिटनेस ओके प्रमाण पत्र प्राप्त वाहनों का मार्ग में ब्रेकडाउन न होने सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। क्षेत्रीय प्रबंधक ने ऑफ-रोड बसों को शून्य करते हुए शत प्रतिशत बस संचालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के समय सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अवध डिपो सत्य नारायण चौधरी, मनोज कुमार केंद्र प्रभारी और दानिश उमर बुकिंग लिपिक उपस्थित थे।

### बिक्री न होने से कई खराब की दुकानें बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बढ़े शराब कोटे और अपेक्षित बिक्री न होने के कारण शराब कारोबार प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि घाटे से परेशान होकर 139 देशी शराब की दुकानें, 34 मॉडल शॉप और 10 कंपोजिट दुकानें बंद हो चुकी हैं। कारोबारियों का कहना है कि बड़े कोटे के बावजूद बिक्री उस स्तर तक नहीं पहुंच सकी, जिससे संचालन लागत तक नहीं निकल पा रही है। अंग्रेजी और बीयर को छोड़कर लखनऊ में प्रतिमाह लगभग 18 लाख लीटर देशी शराब का कोटा निर्धारित है, जबकि कुल कोटा करीब 28 लाख लीटर बताया जा रहा है। उप आबकारी आयुक्त राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मार्च माह में सभी दुकानों की लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। 6 मार्च से इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। विभाग के सामने चुनौती यह है कि बंद पड़ी दुकानों का पुन: संचालन कराकर राजस्व हानि की भरपाई कैसे की जाए। अब देखना होगा कि नई लॉटरी के बाद इन दुकानों का संचालन लाभ में आता है या घाटे की स्थिति बरकरार रहती है।

# जान जाने का डर हो तो तोड़ सकते हैं रोजा

## रमजान में चलाई जा रही शिया और सुन्नी हेल्पलाइन पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने पूछे सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** दीनी और शरई मामलों की जानकारी देने के लिए रमजान में चलाई जा रही शिया और सुन्नी हेल्पलाइन पर मंगलवार को भी बड़ी संख्या में रोजेदारों ने सवाल पूछे। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया की तरफ से दारुल निजामिया फिरंगीमहल की हेल्पलाइन पर मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के मार्गदर्शन में धर्मगुरुओं के पैनल ने जवाब दिये जबकि आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर मौलाना सैफ अब्बास ने सवालों के जवाब दिए।

इस्लामिक सेंटर की हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि एक शख्स का पेशा रोटी पकाना है, वह दिन भर आग की भट्टी के पास रहता है तो क्या वह रोजा छोड़ सकता है? इस अवाल के जवाब में बताया गया कि रोजा नहीं छोड़ सकता है, लेकिन अगर प्यास इतनी तेज लगी हो कि जिसकी वजह से जान के जाने का डर हो तो रोजा तोड़ सकता है। एक रोजेदार ने पूछा कि क्या एक ही मस्जिद में अलग अलग मंजिल पर अलग अलग तरावीह की नमाज हो सकती है? इसके जवाब में बताया गया कि तरावीह की नमाज तो हो सकती है। लेकिन एक से अधिक मकरूह है।

एक शख्स ने सवाल किया कि हमारे पड़ोस में एक गरीब औरत की बेटी की शादी है तो क्या उसे जकात की रकम दी जा सकती है? इसके जवाब में कहा गया कि उसे जकात की रकम दी जा सकती है। कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर पूछा गया कि खुम्स की रकम कोई शख्स अपने बेटे को या बेटा अपने बाप को दे सकता है? इसके जवाब में बताया गया कि अगर वो वाकई मुस्तहक है तो खुम्स दिया जा सकता है।




महिला को बरकत बॉक्स देतीं गुल फाउंडेशन की सदस्य। अमृत विचार

### गुल फाउंडेशन ने किया रमजान बरकत बॉक्स का वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित संस्था गुल फाउंडेशन ने हर साल की तरह से इस साल भी रमजान के महीने में रमजान बरकत बॉक्स का वितरण किया। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों तक राशन और इफ्तार की सामग्री पहुंचाई गई। फाउंडेशन की ओर से इस राहत कार्य की शुरुआत आईआईएम रोड स्थित वसंत कुंज योजना से की गई। इसके बाद टीम ने देवा रोड स्थित सरैया गांव और अंत में खुर्रम नगर क्षेत्र में जाकर बरकत बॉक्स वितरित किए। बॉक्स में दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री शामिल थी ताकि लोग सम्मान के साथ अपना रोजा इफ्तार कर सकें। वितरण कार्यक्रम का मार्गदर्शन फाउंडेशन की अध्यक्ष गुलेराना सईद ने किया। उनके साथ टीम की सक्रिय सदस्य जोया, सीमा, सादिया, अमरीन और रुखसार आदि मौजूद रहीं।

# कला प्रेमियों को बताईं शोध की बारीकियां

- पीपीटी प्रस्तुति एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ललित कला अकादमी के अलीगंज स्थित क्षेत्रीय केन्द्र में मंगलवार को वर्धनी शीर्षक से विशेष पीपीटी प्रस्तुति एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें शोधार्थियों ने कला यात्रा और शोध कार्यों को साझा किया। मुख्य आकर्षण ललित कला अकादमी नई दिल्ली के चित्रकला विधा में छात्रवृत्ति प्राप्त पेंटर कनुमोनु वेणु और फोटोग्राफर सौरभ सिंह रहे।

आंध्र प्रदेश के मूल निवासी कनुमोनु वेणु ने चित्रकला के क्षेत्र में अपने नवीन प्रयोगों और वैचारिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी शोध प्रक्रिया, विषयों के चयन और कला में आ रहे तकनीकी बदलावों पर चर्चा की। उनके व्याख्यान ने उपस्थित विद्यार्थियों और कला प्रेमियों को शोध की बारीकियों से अवगत कराया। सौरभ सिंह ने छायांकन की बारीकियों और इस नवीन माध्यम से कहानी कहने की कला पर विस्तार से चर्चा की। बौद्धिक सत्र में शहर के कई प्रतिष्ठित वरिष्ठ कलाकार, क्षेत्रीय केन्द्र के कार्यरत कलाकार, शोधार्थी और बड़ी संख्या में कला के छात्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित दर्शकों और वक्ताओं के बीच एक संवादात्मक सत्र भी हुआ, जिसमें कला की बारीकियों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ छायाकार राकेश सिन्हा ने इस अवसर पर स्कॉलर्स के कार्यों की सराहना करते हुए कला के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास और नई तकनीक के समावेश पर बल दिया। वरिष्ठ ग्राफ़िक कलाकार संदीप भाटिया ने कहा कि एक विचार धीरे-धीरे कैनवस पर आकार लेता है। क्षेत्रीय सचिव डॉ देवेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है बल्कि निरंतर चलने वाली एक साधना है और केन्द्र द्वारा कलाकारों को दिए जा रहे मंच की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## मुद्राशास्त्र की विशेषताओं और बाधाओं पर की चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संग्रहालय में कला अभिरूचि पाठ्यक्रम श्रृंखला के अन्तर्गत मंगलवार को भारत की प्राचीन मौद्रिक यात्रा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. अमित कुमार उपाध्याय ने मुद्राशास्त्र से संबंधित विशेषताओं एवं बाधाओं पर चर्चा की। उन्होंने मुद्रा को परिभाषित करते हुए कहा कि प्राचीन मुद्राएं हमारे इतिहास को प्रदर्शित करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं सशक्त माध्यम होती हैं। उन्होंने बताया कि सिक्के न केवल आर्थिक इतिहास का साधन होते हैं बल्कि वे इतिहास के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हैं। उन्होंने सिक्कों के टंकण तकनीक, उनके वैज्ञानिक विश्लेषण और राजवंशी वर्गीकरण विशेष ध्यान केन्द्रित किया। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि सिक्कों का अध्ययन करके हम उस समय की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्थिति को समझ सकते हैं। राज्य संग्रहालय के निदेशक और मुद्रा शास्त्र अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने आधुनिक भारत (आजादी के बाद) के सिक्कों पर प्रतिभागियों को सिक्कों के प्रमुख चार मिंट, स्मारकीय सिक्कों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीनाक्षी खेमका ने किया। रेनू द्विवेदी, अलशाज फातमी, डॉ. कृष्ण सिंह, डॉ. चन्द्र मोहन वर्मा, शारदा प्रसाद, प्रीती साहनी, डॉ. अनीता चौरसिया, धनन्जय कुमार राय, शालिनी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, राहुल सैनी, गायत्री गुप्ता, अनुराग द्विवेदी एवं अरुण कुमार मिश्रा एवं संग्रहालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।




लखनऊ डांडिया बाजार काली जी मंदिर से निकाली गई खाटू श्याम शोभायात्रा में शामिल भक्त।

## 50 बुजुर्गों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जाएगा

**अमृत विचार, लखनऊः** अटल वयो अभ्युदय योजना से समाज कल्याण विभाग 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के 50 बुजुर्गों की आंखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराएगा। बुजुर्गों का चयन सर्वे से किया जाएगा, इसमें निराश्रित को प्राथमिकता दी जाएगी। समाज कल्याण विभाग प्रति लाभार्थी पांच हजार रुपये स्वास्थ्य विभाग को देगा। स्वास्थ्य विभाग को कमेटी बनाकर प्रक्रिया 15 मार्च तक पूरी करनी है, नहीं तो बजट लेप्स हो जाएगा। बजट जनवरी में मिला था। जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार ने प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीएमओ को पत्र लिखा है। ग्राम प्रधान, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा आदि घर-घर सर्वे कर मोतियाबिंद से ग्रसित बुजुर्गों के नाम और पते दर्ज कर सूची बनाएंगे। ये सूची स्वास्थ्य विभाग को दी जाएगी। इसके बाद विशेष चिकित्सकों की टीम वृद्धा आश्रम, ब्लॉक परिसर, विद्यालय आदि में शिविर लगाकर मोतियाबिंद की जांच करेगी। जांच में ऑपरेशन लायक स्थिति मिलने पर सरकारी या निजी अस्पताल में कराई ऑपरेशन कराए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि हर हाल में 15 मार्च तक ऑपरेशन कराने हैं।

# नाटक सीता वनवास का मार्मिक मंचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सूर्या थियेटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी ने मंगलवार को राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में नाटक सीता वनवास का मंचन किया। आगा हशर कश्मीरी द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन विवेक मिश्रा विष्णु ने किया।

इस नाटक में लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने पर राम राजा बने। इसी बीच एक धोबी ने दूसरे के घर रहकर आई अपनी पत्नी को यह कहकर अपनाने से इनकार कर दिया कि रावण के घर रही सीता को राम ने अपना लिया लेकिन मैं तुम्हे नहीं अपनाऊंगा। यह बात जब राम तक पहुंची तो वो धर्मसंकट में पड़ गए। प्रजा को आदर्श शासन का उदाहरण देने के लिए उन्होंने सीता के परित्याग का फैसला किया। लक्ष्मण आंसू बहाते हुए सीता को वाल्मीकि आश्रम के पास छोड़ आये। वाल्मीकि आश्रम में सीता ने तपस्विनी की तरह से जीवन व्यतीत किया और वहीं अपने जुडवा बच्चों लव और कुश को जन्म दिया।

वाल्मीकि ने लवकुश को अस्त्र-शस्त्र के साथ संगीत और रामायण की शिक्षा दी, साथ ही यह भी बताया कि राम तुम्हारे पिता हैं। राम ने अयोध्या में अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया। लवकुश ने राम के यज्ञ के घोड़े को पकड़ लिया। उन्होंने योद्धाओं को युद्ध की चुनौती दी।

राम को पता चला कि उनका घोडा रोकने वाले उन्हीं के पुत्र हैं। राम ने सीता को फिर से अपनाने का प्रस्ताव रखा लेकिन सीता ने पृथ्वी से अपनी गोद में लेने की प्रार्थना की और पृथ्वी में समां गईं। नाटक अत्यंत मार्मिक अंत के साथ समाप्त हुआ। नाटक में आदर्श तिवारी, मुस्कान सोनी, किशन वर्मा, कोमल प्रजापति, प्रणव श्रीवास्तव, आवेज, एकता सिंह, प्रेम, मुकुल, प्रमोद सहाय, राहुल मिश्रा, रमा जायसवाल और प्रियम ने भूमिका निभाईं।



राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में नाटक सीता का वनवास का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## सिटी डायरी




नव निर्वाचित पदाधिकारी व अन्य।

### सीपी वर्मा बनाए गए मंडल अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएशन लखनऊ मंडल का द्विवार्षिक अधिवेशन जोनल महामंत्री रामाश्रय यादव की अध्यक्षता व जोनल पर्यवेक्षक बीएन यादव की उपस्थिति में हुआ। इसमें 20 सदस्यीय मंडल कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई। सीपी वर्मा अध्यक्ष, प्रभात मौर्य को कार्यकारी अध्यक्ष, संजय यादव मंत्री, आरके यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजय प्रताप यादव कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा अरविंद कुमार, अनुराग वर्मा, राजाराम यादव को उपाध्यक्ष और दिनेश चंद्र, रंजीत कुमार, रामसमुझ यादव व अशोक कुमार संयुक्त मंत्री चुना गया। विनय कुमार संगठन मंत्री, आरसी यादव कार्यालय मंत्री और राधेश्याम मौर्य ऑडिटर चुने गए। नवनिर्वाचित मंत्री संजय ने आभार व्यक्त करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखने की बात कही।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी।

### संत गाडगे को दिया जाए भारत रत्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** संत गाडगे आम्बेडकर महासभा ने संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती पर पक्कापुल के पास स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटा और भंडारा कराया। महिलाओं को साड़ी वितरण से साथ विचार गोष्ठी भी की गई। संगठन के अध्यक्ष विजय कुमार ने संत गाडगे को भारत रत्न के अलावा संत गाडगे जलसे पार्क रुचि खंड और संत गाडगे प्रेक्षागृह गोमती नगर में प्रतिमाएं लगाने की मांग की। संरक्षक रामावतार कनौजिया, महामंत्री यशपाल, राजू कन्नौजिया, उमेश कनौजिया, विनोद कनौजिया, विनय चौधरी, राजकुमार कनौजिया, रानी कनौजिया, इंजीनियर अवनीश कनौजिया, रवि कनौजिया, सौरभ कनौजिया, देवेंद्र चौधरी, रोहित कनौजिया मौजूद रहे।



माल्यार्पण करते सेवा संस्थान के सदस्य।

### मुन्नी देवी बाल्मीकि की जयंती मनाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को समाज सेविका मुन्नी देवी बाल्मीकि जयंती व विद्यालय का वार्षिक उत्सव अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुन्नी देवी बाल्मीकि के चित्र पर उनके प्रपौत्रों यथार्थ राज घावरी, अर्निक घावरी, अनिका, शैलेन्द्र घावरी व अंकित घावरी द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। चेयरमैन नरेश बाल्मीकि ने समाज से एक समय का भोजन त्यागकर बच्चों को शिक्षित व तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि बिना ज्ञान संघर्ष में सफलता संभव नहीं।



भूमि पूजन करते विधायक डॉ. नीरज बोरा और अन्य लोग।

### भूमि पूजन किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधायक डॉ. नीरज बोरा ने क्षेत्र में लगभग दो करोड़ की लागत से होने वाले सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इन परियोजनाओं से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा और जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक ने सीतापुर रोड से भार्गव फार्म तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। द्वारकापुरी में बेरी होटल चौराहा से शिव मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण होगा।

## बाजार

कॉटन, लेनिन, परदा, सीट कवर, कुशन, सोफा कवर की बाजारों में विस्तृत रेंज

# होलिकोत्सव में अभी वक्त है... आइए घर की सजावट कर लें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रंगोत्सव पर्व पर मेहमानों के आवागमन का सिलसिला आठों तक लगातार बना रहता है। ऐसे में घर के कमरों की सजावट करना जरूरी है। फिर चिंता किस बात की।

बाजार जाइए और मनमुताबिक पर्दे, कुशन कवर, सोफा कवर, बेड सीट समेत विभिन्न सजावटी आइटमों की खरीदारी कर मेहमानों के बैठने वाले कमरों को दुरुस्त कर उसे सजावट लें। अभी थोड़ा वक्त है। बाजारों में ऐसी चीजों की विस्तृत रेंज आ गई है। पर्दों में रंगीन दिखने वाले प्रिंटेड कॉटन और लेनिन की विस्तृत रेंज शोरूम में है। राजधानी के अमीनाबाद, श्रीराम रोड, गणेशगंज, चौक, इंदिरानगर, भूतनाथ मार्केट, गोमतीनगर, अलीगंज, आलमबाग समेत कई बाजारों के शोरूम में खरीदारों ने घर के सबसे जरूरी सजावटी आइटम की खरीदारी शुरू कर दी है।

### कॉटन के प्रिंटेड और लेनिन पर्दों की मांग



- अमीनाबाद श्रीराम रोड के कारोबारी प्रभू जालान बताते हैं कि कॉटन के प्रिंटेड, टिश्यू और लेनिन के पर्दों की नई रेंज इस बार ग्राहकों को लुभा रही है। जहां कॉटन के पर्दे 270 से 600 रुपये मीटर की रेंज में हैं तो लेनिन 450 से शुरू होकर 800 रुपये तक है। सिलवाने वाले पर्दे ही नहीं रेडीमेड तैयार किए गए सोफा, कुशन, तकिया आदि कवर भी उपलब्ध हैं। इन्हें रंग की मैचिंग के हिसाब से पसंद करिए और उन्हें पहनाकर इलास्टिक खींच दीजिए। स्वदेशी मार्केट से जुडे.व्यापारी रजत अग्रवाल कहते हैं पर्दों के अलावा इलास्टिक के सोफा कवर का सेट है। फाइव सीटर इस सोफा कवर की कीमत 1825 रुपये प्रति सेट है। यही नहीं पांच सीटर सोफा कवर 1,400 रुपये रेंज वाला है। इन्हें सिलवाने की जरूरत नहीं। बस नाप लेकर जाइए और मनपसंद खरीद लीजिए।

| सजावटी आइटम | रेंज प्रति पीस |
| --- | --- |
| सोफा कवर | 900 से 1,825 |
| कुशन कवर | 200 से 1,200 |
| बेड सीट डबल | 450 से 3,500 |
| बेड सीट सिंगिल | 260 से 1,500 |
| तकिया कवर | 250 से 750 |
| पर्दा | 90 से 550 रुपये मीटर |
| कॉटन प्रिंटेड पर्दे | 270 से 650 रुपये |
| लेनिन पर्दे | 450 से 900 रुपये |



हमारा आंगन हमारे बच्चे









लखनऊ : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव' का आयोजन किया गया। जन समुदाय के समक्ष पूर्व प्राथमिक शिक्षा की आवश्यकता व महत्व सहित 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डायट रामप्रवेश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ विपिन कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक प्रशिक्षण अवधेश शुक्ला, डीसी निपुण शिल्पी सक्सेना व एसआरजी क्षमा सिंह द्वारा प्रीप्राइमरी व निपुण भारत की अवधारणा से अवगत कराया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों, बाल वाटिका में उपलब्ध कराई गई विभिन्न शैक्षणिक सामग्रियों से लोगों को परिचित कराया। जिनमें शिक्षण अधिगम सामग्री, खिलौने, कार्य पुस्तिकाएँ, शिक्षक मैनुअल, वंडर बॉक्स, स्टेशनरी, बाल मैत्री फर्नीचर, आउटडोर प्ले मटीरियल, फोर लर्निंग कॉर्नर तथा बाला फीचर आदि की प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए। जिसमें सरोजिनी नगर प्रथम स्थान पर रहा, काकोरी द्वितीय तथा माल व गोसाईगंज सम्मिलित रूप से तृतीय स्थान पर रहे। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बीबीएयू का गेट रात में खोलने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के छात्र गेट नंबर 2 और गेट नंबर 3 के रात में बंद होने की वजह से दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन से बातचीत करने की कोशिशों के बावजूद फिर से खोलने के लिए कोई फैसला नहीं लिया गया है। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रॉक्टर को एक मेमोरेंडम दिया है। छात्रों का आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर हॉस्टल में रहने वालों को तंग किया जा रहा है। मेडिकल इमरजेंसी में गेट नंबर 1 का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### वार्षिकोत्सव में जुटेंगे 100 कॉलेजों के छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप का वार्षिकोत्सव 'उत्कर्ष' 26' का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के करीब 20 हजार छात्र-छात्राएं और प्रदेश के 100 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उत्सव में तकनीकी, सांस्कृतिक, होटल मेनेजमेंट, खेल, साहित्य, ललित कला एवं मिस्टर एंड मिस उत्कर्ष आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। विरासत से विकास तक की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### नए कलेवर में दिखेगी एलएसजी

अमृत विचार, लखनऊ : आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मंगलवार को अपने नए लोगों का अनावरण किया। यह नया प्रतीक चिन्ह केवल एक डिजाइन नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और टीम के निडर खेल के संकल्प का संगम है। नए लोगो में तीन विशिष्ट प्रतीकों को समाहित किया गया है। गरुड़ ऊंची उड़ान भरने के साहस और चुनौतियों से न डरने वाले संकल्प को दर्शाता है। मुकुट लखनऊ के गौरव और प्रशंसकों की उम्मीदों की जिम्मेदारी का प्रतीक है। लोगो के केंद्र में स्थित हाथी अटूट शक्ति, बुद्धिमत्ता और प्रशंसकों की अडिग निष्ठा को प्रदर्शित करता है। आरपीएसजी ग्रुप के वाइस चेयरमैन शास्वत गोयनका ने कहा कि यह लोगो लखनऊ और उत्तर प्रदेश के लोगों के प्रेम को समर्पित है। यह हमारी जड़ों से जुड़े रहने और पूरे दिल से प्रतिस्पर्धा करने का एक वादा है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा : मुख्य विषयों में 473 परीक्षार्थी अनुपस्थित

## प्रथम पाली में कृषि वनस्पति विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र की हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● दोनों पालियों में सचल दलों ने किया 18 केंद्रों का औचक निरीक्षण




अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं-2026 मंगलवार को दोनों पालियों में सकुशल सम्पन्न हो गईं। प्रथम पाली में इंटरमीडिएट कृषि वनस्पति विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र आदि विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें कुल पंजीकृत 244 छात्रों में से 21 अनुपस्थित पाए गए। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें पंजीकृत 10,728 परीक्षार्थियों में से 452 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार मुख्य विषयों में कुल 473 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में जिले में गठित सचल दलों ने 18 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

संस्कृत की पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा परीक्षाओं के अंतर्गत प्रथम पाली में साहित्य, सामवेद, ज्योतिष आदि विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें पंजीकृत 122 में से 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इन्हीं विषयों की परीक्षा में 41 में से 4 छात्र अनुपस्थित पाए गए। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न हो रही है। मंडलीय और जिला सचल दल लगातार सक्रिय हैं और परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित कर रहे हैं।

### 9 छात्र सीएसआईआर यूजीसी नेट में सफल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न विषयों में कुल 9 छात्रों ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप और 4 छात्रों ने नेट में सफलता हासिल की है। प्राप्त विवरण के अनुसार वनस्पति विज्ञान से 2 छात्रों ने जेआरएफ और 1 छात्र ने नेट में सफलता प्राप्त की। भौतिकी में 1 छात्र ने नेट में सफलता प्राप्त की। जैव रसायन में 3 छात्रों ने जेआरएफ और 1 छात्र ने नेट, गणित में 2 छात्रों ने जेआरएफ में सफलता प्राप्त की है।

### मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति विवरण अपलोड करना अनिवार्य

अमृत विचार , लखनऊ: उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार राज्य के सभी कर्मचारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण 31 जनवरी तक मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। जिन कर्मचारियों द्वारा विवरण अपलोड नहीं किया जाएगा, उनका जनवरी 2026 का वेतन फरवरी 2026 में जारी नहीं होगा तथा संबंधित आहरण-वितरण अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने कुलपति के आदेशानुसार सभी विभागाध्यक्षों को कर्मचारियों से शीघ्र विवरण अपलोड कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिन महाविद्यालयों ने नए पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किया है उनको पोर्टल पर 25 फरवरी तक शपथ पत्र एवं आवश्यक अभिलेख मूल रूप में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हर कक्षा में एक आइंस्टीन होता है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



यंग मैथमैटिक्स समिट-2026 में अपने विचार रखती वक्ता। ● अमृत विचार

● लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ यंग मैथमैटिक्स समिट-2026
● छात्रों द्वारा, छात्रों से और छात्रों के लिए थीम पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में यंग मैथमैटिक्स समिट-2026 का आयोजन किया जो कि छात्रों द्वारा, छात्रों से और छात्रों के लिए थीम पर आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के गणित और खगोल विज्ञान विभाग में आयोजित यह पहला छात्रों के नेतृत्व वाला गणित शिखर सम्मेलन है। समन्वयक डॉ. श्याम किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि इस शिखर सम्मेलन की मूल विचार मुख्य अतिथि प्रो. आरके सिंह की है। प्रो. आरके सिंह ने कहा कि हर कक्षा में एक अल्बर्ट आइंस्टीन छिपा होता है, और छात्रों के विचारों और कल्पना के बीज ऐसे मंचों से ही अंकुरित होते हैं। उन्होंने आगे जोर दिया कि छात्रों का भविष्य केवल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में नहीं बल्कि कक्षाओं और इस तरह के मंचों में भी लिखा जाता है।

भारतीय गणित परिषद के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को "स्वतंत्र रूप से सोचने, साहसपूर्वक प्रस्तुति देने और आत्मविश्वास से बढ़ने" के लिए प्रेरित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. मीना सहाय ने सीवी रमन और श्रीनिवास रामानुजन की विरासत को याद करते हुए छात्रों को प्रेरित किया और कहा कि आज के छात्र गणित के भविष्य हैं। प्रो. पंकज माथुर ने शिखर सम्मेलन को "छात्रों के लिए, छात्रों द्वारा, और छात्रों का" बताया, जबकि प्रो. विवेक सहाय ने युवा विद्वानों को नवाचारी सोच के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मेलन में 15 छात्र अनुसंधान प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसमें शुद्ध और अनुप्रयुक्त गणित के विभिन्न विषय शामिल थे। प्रस्तुतियों का मूल्यांकन प्रो. विवेक सहाय, प्रो. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. स्वर्णिमा बहादुर के पैनल ने किया।

## शकुंतला विवि के छात्र ने किया टॉप

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के शोधार्थी अमन तिवारी ने सीएसआईआर नेट लेक्चरशिप में अखिल भारतीय स्तर पर 6वीं रैंक प्राप्त की है। 200 में से 108.625 अंक और 99.76 पर्सेंटाइल के साथ यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि यह सफलता शोधार्थी की मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शोधार्थी ने भौतिक विज्ञान विषय से अपनी परास्नातक (मास्टर्स) की पढ़ाई भी इसी विश्वविद्यालय से पूरी की है और वर्तमान में पीएचडी कर रहे हैं। अमन ने बताया कि शोध पर्यवेक्षक डॉ. अशोक कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में निरंतर अध्ययन और शोध कार्य ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एक करोड़ के पैकेज पर हुआ आईआईएम छात्रों का चयन


आईआईएम प्लेसमेंट के दौरान चयनित किए गए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

● सर्वाधिक एक करोड़ के पैकेज पर छात्रों को नौकरी का मिला ऑफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) ने वर्ष 2026 की अंतिम प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिसमें करोड़ों रुपये के पैकेज पर छात्रों का चयन किया गया। संस्थान के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के 40वें बैच और एग्रीबिजनेस प्रबंधन कार्यक्रम के 21वें बैच के कुल 559 विद्यार्थियों को 580 से अधिक नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त हुए। विद्यार्थियों को परामर्श, वित्त, सामान्य प्रबंधन, उत्पाद प्रबंधन, विपणन, संचालन, खुदरा व ई-वाणिज्य जैसे विविध क्षेत्रों में अवसर मिले हैं। इस वर्ष सर्वाधिक घरेलू वेतन पैकेज एक करोड़ रुपये प्रतिवर्ष रहा, जबकि सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय पैकेज 65 लाख रुपये प्रतिवर्ष दर्ज किया गया। औसत वेतन 33.2 लाख रुपये प्रतिवर्ष और माध्य वेतन 32.9 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा।

प्लेसमेंट प्रक्रिया मिश्रित माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें 200 से अधिक देशी और विदेशी नियोजकों ने सहभागिता की। इस पद्धति से परिसर और दूरस्थ दोनों माध्यमों से साक्षात्कार आयोजित किए गए। संस्थान के निदेशक प्रो. एम.पी. गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन, पूर्व छात्रों के सहयोग और कर्मचारियों के समर्पण से संस्थान ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं।

## सिटी डायरी


जापानी प्रतिनिधि का स्वागत करते हुए बीबीएयू के शिक्षक।

### बीबीएयू में जापानी प्रतिनिधिमंडल का हुआ विशेष व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग द्वारा आपदा शमन व भारत-जापान सहयोग पर जापानी प्रतिनिधिमंडल का विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जापान के विशेषज्ञ प्रो . यासुहिदे होबारा ने लाइटनिंग की गतिविधियों की निगरानी के महत्व पर बल दिया, जिससे आकस्मिक बाढ़, क्लाउडबर्स्ट तथा टाइफून जैसी प्राकृतिक आपदाओं को बेहतर ढंग से समझा एवं कम किया जा सके। उन्होंने सिस्मो-इलेक्ट्रोमैग्नेटिज़्म की उभरती तकनीक तथा अल्पकालिक भूकंप पूर्वानुमान में उसके संभावित उपयोग पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रो . होबारा एवं प्रो . फुरुकावा ने अपने विश्वविद्यालय में भारतीय विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक एवं शोध अवसरों की जानकारी दी।


कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

### प्लास्टिक का करें सही प्रबंधन

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय पॉलीटेक्निक में सीपेट व प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी विभाग और जनसंचार विभाग के तत्वावधान में एकल उपयोग प्लास्टिक और अपशिष्ट प्रबंधन पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीपेट लखनऊ में असिस्टेंट प्रोफेसर हर्षी अग्रहरि ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से हम बच तो नहीं सकते हैं लेकिन सही प्रबंधन के द्वारा इससे होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एकल उपयोग प्लास्टिक को अधिक से अधिक रिसाइकल करना चाहिए। थोड़े से बदलाव से बेहतर परिणाम आ सकते हैं। संजय पटेल प्रभारी पीएमटी, राजकीय पॉलीटेक्निक ने कहा कि प्लास्टिक के खतरों को कम करना है तो हमे बेहतर प्रबंधन करना होगा।


सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं लविवि छात्राएं।

### इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट में छात्रों ने दिखाई साहित्यिक प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में ''इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2026'' में काव्यपाठ और मुशायरा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वरचित काव्य प्रतियोगिता (छात्र वर्ग) में भाभा हॉस्टल के आर्यन सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लाल बहादुर शास्त्री हॉस्टल के मानस सिंह दूसरे स्थान पर रहे। जबकि महमूदाबाद हॉल के अनूप सिंह और सुभाष हॉल के प्रतीक मिश्रा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। कविता प्रतियोगिता में स्मृति शुक्ला ने पहला, पलक और प्रज्ञा मिश्रा ने दूसरा स्थान हासिल किया।



प्रो . वरखेड़ी को सम्मानित करते आयोजक।

### प्रो. वरखेड़ी सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . श्रीनिवास वरखेड़ी को 'संस्कृतात्मा पुरस्कार 2025-26' से सम्मानित किया गया। शिक्षण प्रसारक संस्था, संगमनेर द्वारा आयोजित 'संस्कृतात्मा सम्मान समारोह' में उन्हें संस्कृत के प्रचार-प्रसार और भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण व वैश्विक संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो . सर्वनारायण झा ने इसे गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## आयोजन

बीबीएयू में आयोजित हुई विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल पर संगोष्ठी

# जीवन में अर्थ और ज्ञान समान रूप से आवश्यक : स्वांत रंजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


संगोष्ठी को संबोधित करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी स्वांत रंजन। अमृत विचार

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल-2025' पर संगोष्ठी एवं चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जीवन में अर्थ और ज्ञान दोनों ही समान रूप से आवश्यक हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को ज्ञान अर्जित करने के साथ-साथ अर्थोपार्जन भी करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए तीन तत्व अनिवार्य होते हैं—आधार, साधन और कर्ता। आधार अर्थात कार्य का समुचित ज्ञान, साधन यानी उसे पूर्ण करने के लिए आवश्यक माध्यम और कर्ता अर्थात उस कार्य को करने वाला व्यक्ति। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण और संस्कार भी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल, विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी, मुख्य वक्ता एवं रामदेव बाबा विश्वविद्यालय, नागपुर के चांसलर व एआईसीटीई के पूर्व चेयरमैन डॉ. एस.एस. मांथा तथा बीबीएयू के प्रो. कमल जायसवाल भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना नहीं, बल्कि भारत को सामाजिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी समृद्ध एवं संतुलित बनाना है।

व्यापक प्रशासनिक सुधार की आवश्यकता

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत व्यापक प्रशासनिक सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल-2025 के माध्यम से सामने आई है। प्रथम सत्र की अध्यक्षता ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की, जबकि क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शसानी एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर के प्रो. सर्वनारायण झा ने की।